# सुविचार



यदि आप चाहते हैं कि लोग आपके साथ सच्चा व्यवहार करें तो आप खुद सच्चे बनें और अन्य लोगों से भी सच्चा व्यवहार करें।

- महर्षि अरविन्द

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

## लखनऊ के प्रमुख समाचार

- युवक को बंधक बनाकर चेन व नकदी लूटी II
- श्रीराम शोभायात्रा पर बरसाए फूल, उतारी आरती III
- सामूहिक नकल पर ब्लैक लिस्ट होंगे महाविद्यालय IV

लखनऊ, शनिवार,28 मार्च 2026


## शहर में आज



- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी में प्रगति, चुनौतियां और करियर के मार्ग : अनुसंधान, नवाचार और उद्योग के बीच सेतु निर्माण विषय पर संगोष्ठी– 9 :00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय विधि संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का आयोजन– 10 :00 बजे से।
- गांधी प्रेक्षागृह में लखनऊ मॉडल पब्लिक इंटर कॉलेज बालागंज का वार्षिकोत्सव व रजत जयंती उत्सव– 10 :00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन विभाग में डाक विभाग को स्मार्ट, पेशेवर और तकनीकी दक्ष बनाने के लिए अधिकारियों का प्रशिक्षण– 10 :00 बजे से।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में इंडिया टू इंपैक्ट इनोवेशन हैकथॉन कार्यक्रम का आयोजन– 11 :00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ



शहर में शुक्रवार को मौसम में बदलाव होने से बूंदाबांदी हुई। इस दौरान छाता लगाकर जाती युवती।

### बसंतकुंज में बनेगी पांच मंजिला पार्किंग

**अमृत विचार, लखनऊ** : लखनऊ विकास प्राधिकरण राष्ट्र प्रेरणा स्थल के पास अपनी बसन्तकुंज योजना के सेक्टर–जे में शहर की सबसे बड़ी मल्टीलेवल पार्किंग बनाएगा। पांच मंजिला पार्किंग में एक साथ 370 बसें व 400 से अधिक चार पहिया वाहन खड़े किए जाएंगे। पार्किंग के ऊपर गेस्ट हाउस भी बनेगा। ये प्रोजेक्ट 150 करोड़ रुपये से तैयार होगा। एलडीए ने निर्माण के लिए 21,216 वर्गमीटर भूमि चिह्नित की है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल में बड़ी पार्किंग है। उद्घाटन के दौरान करीब 2500 बसे खड़ी की गईं थी। भविष्य में बड़े आयोजन को देखते हुए एलडीए ने पांच मंजिल मल्टीलेवल पार्किंग का प्रस्ताव तैयार किया है। इसमें दो भूमिगत पार्किंग के साथ ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर व सेकेंड फ्लोर पर पार्किंग स्पेस बनाया जाएगा। जबकि सबसे ऊपर होटल बनेगा। कमरों के साथ ही वीआईपी लाउंज व मीटिंग हॉल का भी प्रावधान किया है। पार्किंग में बसों का आवागमन सुगमता के लिए भव्य इंट्रेस व एक्जिट प्लाजा भी बनाया जाएगा। एलडीए ये प्रस्ताव तैयार कर लिया है और शासन को भेजेगा।

### 25 को आएगा यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम

**अमृत विचार, लखनऊ** : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य अब अंतिम चरण में हैं। प्रदेश भर में औसत 67 प्रतिशत से अधिक मूल्यांकन कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि लखनऊ मंडल में 73 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित की जा चुकी है। मूल्यांकन कार्य 18 मार्च को प्रारंभ किया गया था जिसकी समय सीमा 1 अप्रैल निर्धारित की गई है। यूपी बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि इस बार परीक्षा परिणाम अप्रैल के अंतिम सप्ताह में 25 अप्रैल को जारी किए जाने की संभावना जताई जा रही है। प्रदेश भर में बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की तकरीबन 50 लाख से अधिक विद्यार्थियों की कॉपियों का मूल्यांकन होना है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि 18 मार्च से मूल्यांकन का कार्य प्रदेश के 254 केंद्रों पर चल रहा है। गत बुधवार को लखनऊ मंडल के 23 मूल्यांकन केंद्रों पर कुल 2,80,6,62 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। अबतक कुल 16,86,4,37 उत्तर पुस्तिकाएं के मूल्यांकन का कार्य पूरा किया जा चुका है। मंडलीय कंट्रोल रुम प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार के अनुसार मंडल में मूल्यांकन कार्य का 73.22 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है।





ठाकुरगंज जाने वाली रोड पर स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी और पुरनिया स्थित भारत पेट्रोलियम कंपनी के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल लेने के लिए लगी दोपहिया वाहनों की लाइनें। अमृत विचार

# पंपों पर लिमिट तय करने से बढ़ी टेंशन, लंबी हो गईं लाइनें

## कई पंपों पर दो पहिया वाहन में अधिकतम 200 और चार पहिया में 1500 रुपये का ही डाला पेट्रोल, केन लेकर पहुंचे लोगों को लौटाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : शहर के ज्यादातर पेट्रोल पंप संचालकों ने शुक्रवार को लिमिट तय कर पेट्रोल-डीजल दिया, इससे लोगों के मन में किल्लत की आशंका घर गई और और पंपों पर वाहनों की कतारें लंबी हो गईं। पर्याप्त स्टॉक के दावे के बावजूद दो पहिया वाहन में 200 रुपये और चार पहिया वाहनों को 1500 रुपये तक का पेट्रोल-डीजल ही दिया गया। जिलाधिकारी विशाख जी ने पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ बैठक ली। इसमें कहा कि किसी भी हालत में पंप बंद न हों, स्टाक खत्म होने पर पहले से ही बुकिंग कराकर टैंकर मंगा लें। पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। शिकायत मिलने पर संबंधित पंप संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

लिमिट तय करने से इंदिरा नगर, खुर्रम नगर, अलीगंज, डालीगंज, हजरतगंज, चारबाग, गोमती नगर कई पंपों पर कर्मियों और वाहन चालकों से नोकझोंक तक हो गई। वाहनों की लंबी कतार और मांग बढ़ने से कई पंप पर पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया। वहां, कुछ देर के लिए बिक्री रोक दी गई और टैंकर आने के बाद बिक्री की गई। वाहनों के अलावा केन, ड्रम आदि में डीजल लेने पहुंचे लोगों को वापस कर दिया गया। कुछ जगह पुलिस कर्मी भी तैनात किए गए। शहर हो या ग्रामीण इलाका पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं है, लेकिन अफवाहों के बीच जरूरत से ज्यादा वाहनों में पेट्रोल-डीजल भराने से संकट जैसे हालात बने हैं। कारोबार के लिए भी डीजल जरूरत से ज्यादा खरीद रहे हैं। अचानक खपत बढ़ने से सामान्य दिनों में दो से तीन दिन चलने वाला स्टॉक कुछ घंटों में खत्म हो रहा है।

अपर जिलाधिकारी नागिरक आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि जिले में डीजल-पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में है। स्टॉक खत्म होने पर तेल कंपनियां फौरन उपलब्धता करा रही हैं। लोगों में संकट की अफवाह फैली है। इस वजह से कतार लग रही। बराबर विजिट करके लोगों को समझा रहे हैं। किसी तरह की लिमिट निर्धारित नहीं है न ही ऐसा कोई आदेश है।



चिनहट में फैजाबाद रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने के लिए लाइन में लगे दोपहिया वाहन चालक। अमृत विचार

### जिलाधिकारी पहुंचे टर्मिनल व डिपो और अधिकारियों ने लिया 127 पेट्रोल पंपों का जायजा

**अमृत विचार, लखनऊ** : जिलाधिकारी विशाख जी ने शुक्रवार सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेट्रोल–डीजल को लेकर बैठक की। अपर जिलाधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक स्तर की टीमें गठित करके निरीक्षण करने के निर्देश दिए। क्षेत्रों पर निकली टीमों ने नगर व ग्रामीण इलाकों के 127 पेट्रोल पंप का निरीक्षण करके स्टॉक और बिक्री चेक की। दोपहर में कैंप कार्यालय में जिलाधिकारी ने ऑयल कंपनियों के डिवीजनल मैनेजर, विक्रय अधिकारी एवं लखनऊ पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। निर्देश दिए कि पेट्रोल/डीजल की सतत आपूर्ति करें। किसी भी पेट्रोल पंप के ड्राई न हो। अमौसी ऑयल प्लांट से आपूर्ति की अवधि बढ़ाई जाए। वितरण व्यवस्था को और अधिक सुचारु बनाया जाए। जिलाधिकारी ने शाम 6 बजे अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति एवं जिला पूर्ति अधिकारी के साथ अमौसी स्थित इंडियन ऑयल एवं एचपीसीएल टर्मिनलों का स्थलीय निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईओसीएल एवं एचपीसीएल प्लांट से जनपद के सभी रिटेल आउटलेट्स को नियमित एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। इससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपलब्धता पर्याप्त बनी रहे और वितरण सुचारु रूप से संचालित रहे।



अमौसी स्थित तेल कंपनी के टर्मिनल में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते जिलाधिकारी विशाख जी। अमृत विचार

### असमाजिक तत्व बना रहे भय का माहौल : महापौर



महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि शहर में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस एवं खाद्य सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता है। कुछ असामाजिक तत्वों अनावश्यक भय का माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इन अफवाहों पर ध्यान न दें। न ही सोशल मीडिया के माध्यम से आगे बढ़ाएं। केंद्र एवं राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क और सक्रिय हैं तथा प्रशासन निरंतर निगरानी बनाए हुए है। सभी आवश्यक सेवाएं सुचारु रूप से संचालित हो रही हैं। सभी शांति एवं संयम बनाए रखें और प्रशासन का सहयोग करें।

## एडीएम बोलीं प्रशासन ने कोई लिमिट निर्धारित नहीं की है



| जिले में पेट्रोल पंप | |
|---|---|
| सरकारी कंपनी | निजी कंपनी |
| 282 | 15 |

### जिले के सभी पंपों पर पर्याप्त स्टॉक

लखनऊ पेट्रोल–डीजल एसोसिएशन के महामंत्री आलोक त्रिवेदी ने बताया कि शहर व ग्रामीण इलाकों के सभी पंप पर पेट्रोल–डीजल पर्याप्त मात्रा में है। अफवाह की वजह से लोग जरूरत से ज्यादा ईधन खरीद रहे हैं। इस वजह से दिक्कत आ रही है। सभी को पेट्रोल–डीजल मिल सके इसलिए मजबूरी में कुछ पंप संचालक लिमिट में दे रहे हैं। एक दो दिन में स्थिति सामान्य हो जाएगी।

### बुक कराने पर तुरंत आ रहे टैंकर

संचालकों के अनुसार, स्टॉक खत्म होने पर पेट्रोल–डीजल की उपलब्धता तेल कंपनियां तुरंत करा रही है। बुकिंग करने पर दो से तीन घंटे में टैंकर पेट्रोल पंपों पर पहुंच जाते हैं। इंडियन आयल का ट्रमिनल और एचपीसीएल का डिपो अमौसी में हैं, यहां से तुरंत स्टॉक मिल जाता है। जबकि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का ट्रमिनल कानपुर के भौती में है, यहां से भी चार से पांच घंटे में पेट्रोल–डीजल के टैंकर पहुंच जाते हैं। चर्चा यह भी है कि कंपनियां बुकिंग करने पर रुपये एडवांस ले रही है। इस कारण जो पंप संचालक नकद भुगतान नहीं कर पा उन्हें स्टॉक नहीं मिला रहा।

समस्या

ईंधन संकट से जूझ रहे वाहन प्रकोष्ठ ने जारी की सूचना

# एसजीपीजीआई में आपात कार्यों के लिए ही दिए जाएंगे वाहन



स्टॉक खत्म होने से बंद ऐशबाग रोड पर स्थित इंडियन ऑयन का पेट्रोल पंप। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में ईंधन आपूर्ति बाधित होने के कारण वाहन प्रकोष्ठ के अधीन वाहनों का संचालन प्रभावित हो रहा है। इस स्थिति को देखते हुए संस्थान प्रशासन ने वाहनों के उपयोग को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि अब वाहन केवल अत्यंत आवश्यक और आपातकालीन कार्यों के लिए ही उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में वाहन प्रकोष्ठ प्रभारी योगेंद्र कुमार की ओर से पत्र जारी किया गया है।

जारी निर्देशों में सभी विभागाध्यक्षों, फैकल्टी और अधिकारियों से अपील की गई है कि वे वाहन की मांग सोच-समझकर और केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही करें। प्रत्येक वाहन मांग के साथ कार्य का स्पष्ट औचित्य, उसकी तात्कालिकता और अन्य आवश्यक विवरण देना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, मांग को विभागाध्यक्ष या नामित नोडल अधिकारी के माध्यम से ही अग्रसारित करना होगा।

निर्देशों में यह भी कहा गया है कि नियमित, सामान्य या गैर-आपातकालीन कार्यों के लिए वाहन मांगने से यथासंभव बचा जाए। मौजूदा हालात में सीमित ईंधन उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए वाहनों का आवंटन प्राथमिकता के आधार पर केवल संस्थान के अति आवश्यक कार्यों के लिए ही किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि ईंधन संकट के चलते किसी कार्य में देरी होती है या ड्यूटी पूरी नहीं हो पाती है, तो इसके लिए वाहन प्रकोष्ठ जिम्मेदार नहीं होगा।



सरोजनीनगर इलाके में पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से जानकारी लेते अधिकारी।

### अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, सरोजनीनगर** : सरोजनीनगर इलाके के पेट्रोल पंपों का सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कृष्णानगर, एसडीएम सरोजनीनगर और आपूर्ति विभाग के एआरओ की टीम ने निरीक्षण कर संचालकों से स्टॉक व वितरण की जानकारी ली। अधिकारियों ने इस समय वितरण में आ रही उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा। कुछ कर्मचारियों ने बताया कि विवाद की स्थिति के कारण उनमें भय का माहौल है। पेट्रोल डालवाने आने वाले ज्यादातर लोग स्थानीय होते हैं। उनमें कई लोग धमकाते हैं। अधिकारियों ने उनसे कहा कि धैर्य से कार्य करें, डरें नहीं। पुलिस की नजर प्रत्येक पंप पर है। अफहवा फैलाने वालों और विवाद करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने पंप पर पेट्रोल व डीजल लेने आए लोगों से भी कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण करने से बचें। साथ ही शांति और संयम बनाए रखें।

## सिटी ब्रीफ

### अधिकारी बन वसूली करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : क्राइम ब्रांच का पुलिस अधिकारी बनकर वसूली करने वाले एक बदमाश को नाका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि आरोपी अर्जुन कुमार पुराना बर्फखाना उदयगंज हुसैनगंज का रहने वाला है। 26 मार्च को उन्नाव निवासी रईस ने नाका कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि वे चारबाग स्टेशन स्थित मजार पर आए थे। वहां से निकलकर जाते समय एक महिला ने उससे बात की और फिर वह आगे बढ़ गया। इसी दौरान एक बदमाश ने क्राइम ब्रांच का पुलिस अधिकारी बनकर उसे रोका। जेल भेजने की धमकी देकर 50 हजार की मांग की। जेब में ढाई हजार लेकर बदमाश उसे साथ ले जाने लगा। इसी दौरान परिचित को देख रईस ने शोर मचा दिया। जिसके बाद भीड़ ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपी के खिलाफ नाका कोतवाली में एक और मामला दर्ज है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से उलझी मौत की गुत्थी

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज के मुसाहिबगंज निवासी मार्बल कारोबारी इमरान की मौत की गुत्थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से उलझ गयी है। बेटे फुजैल के फंदे पर लटके पिता इमरान के हाथ, पैर और मुंह पर टेप लगा होने का दावा किया था। शुक्रवार को आई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है। ऐसे में इमरान के हाथ पैर और मुंह पर टेप कैसे लगा? पुलिस इस एंगल पर जांच कर रही है। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान का कहना है कि अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्लॉट के नाम पर दंपति ने ठगे ढाई लाख

अमृत विचार, लखनऊ : बाराबंकी में आवासीय योजना का झांसा देकर रियल एस्टेट कंपनी नोबल इंफ्रास्ट्रक्चर के डायरेक्टर दंपति ने जौनपुर के दो लोगों से करीब ढाई लाख रुपये ठग लिए। जौनपुर के बदलापुर निवासी गिरजा शंकर यादव और रामराज यादव के अनुसार, वर्ष 2013 में वे लखनऊ में प्लॉट खरीदना चाहते थे। इसी दौरान उन्होंने हजरतगंज स्थित कंपनी के कार्यालय में संपर्क किया, जहां उनकी मुलाकात डायरेक्टर अरविंद कुमार साहू, उनकी पत्नी निशा साहू और पिता शिव प्रकाश साहू से हुई। आरोपियों ने बाराबंकी के नवाबगंज स्थित प्रोजेक्ट में प्लॉट दिलाने का भरोसा दिलाया। पीड़ितों ने एक-एक हजार वर्गफीट के दो प्लॉट बुक कराकर कुल 2.50 लाख रुपये नकद दे दिए। पीड़ितों का कहना है कि इसके बाद आरोपियों ने वर्षों तक रजिस्ट्री के नाम पर उन्हें टालते रहे। जब उन्होंने रुपये वापस मांगे तो आनाकानी के साथ धमकियां दी गईं। कई बार इंदिरानगर स्थित आवास पर भी जाने के बावजूद कोई समाधान नहीं हुआ। मामले में कोर्ट के आदेश पर हजरतगंज पुलिस ने अरविंद कुमार साहू, निशा साहू और शिव प्रकाश साहू के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी की धाराओं में दो अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उपभोक्ता ने जेई और कर्मचारियों को पीटा

अमृत विचार, आलमबाग : कृष्णानगर स्थित अमौसी जोन विद्युत बिलिंग कार्यालय में बुधवार को बिजली बिल को लेकर उपभोक्ता और कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान उपभोक्ता ने अवर अभियंता अमरेश सिंह और एक अन्य कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी, जिससे कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। अवर अभियंता की तहरीर पर कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि मूल रूप से बलिया निवासी अवर अभियंता अमरेश सिंह अमौसी जोन विद्युत बिलिंग कार्यालय में तैनात हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि बुधवार शाम करीब 4:35 बजे मलिहाबाद निवासी अयूब अहमद कार्यालय पहुंचा और बिजली बिल को लेकर विवाद करने लगा। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। कर्मचारियों द्वारा समझाने का प्रयास करने पर आरोपी ने धक्का-मुक्की शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद अयूब अहमद ने अवर अभियंता और कर्मचारियों के साथ मारपीट की। अवर अभियंता के अनुसार घटना का वीडियो भी साक्ष्य के रूप में मौजूद है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, अयूब अहमद ने भी अवर अभियंता और कर्मचारियों पर अभद्रता व मारपीट के आरोप लगाए हैं।

# युवक को बंधक बनाकर चेन व नकदी लूटी

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती की, मुलाकात के बहाने बुलाकर दिया वारदात को अंजाम, इंदिरानगर में हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस




**अमृत विचार:** ठगों ने इंस्टाग्राम पर राहुल वर्मा से दोस्ती की। उसे मिलने के लिए बुलाया। जहां बंधक बनाकर चेन व नकदी लूट ली। पीड़ित ने इंदिरानगर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

इंदिरानगर निवासी राहुल वर्मा के मुताबिक 30 नवंबर 2025 को इंस्टाग्राम पर उनकी दोस्ती शिवम उपाध्याय से हुई थी। कुछ दिन बाद उसने उन्हें घूमने चलने की बात कहकर रात करीब 8:20 बजे खुर्रमनगर स्थित मस्जिद के पास बुलाया। वहां पर शिवम बाइक के साथ मौजूद था। राहुल को लेकर शिवम सीमैप की ओर जाने लगा। रास्ते में शिवम ने बाइक रोक दी। कुछ दूर इधर-उधर की बात की। इसी बीच उसके साथी संदीप गौतम और विवेक कुमार आ गये।

**वीडियो दिखाकर करने लगे ब्लैकमेल :** राहुल के मुताबिक वह दूसरे दिन इलाज कराने गया था। इस दौरान आरोपियों ने उसे एक वीडियो भेजा। जो घटना के समय बनाई थी। उसे दिखाकर ब्लैकमेल करने लगे। इस कारण वह काफी सहम गया था। 20 मार्च को उन्होंने इंदिरानगर थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह के मुताबिक घटना काफी पुरानी है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही हैं। अभी तक जांच में यह सामने आया है कि मामले में नामजद आरोपी पहले भी इंदिरानगर और अन्य थानों से जेल भी जा चुके हैं।

### गांजा तस्करी में फंसाने की दी धमकी

■ पीड़ित के मुताबिक संदीप ने एक पुड़िया उनकी पैंट की जेब में रख दी। कहा कि गांजा तस्करी में जेल भेज दिया जाएगा। विरोध पर विवेक ने चाकू निकाल लिया और दो साथी उन्हें घसीटते हुए जंगल ले गए। आरोपियों ने उनके मुंह पर रूमाल बांध दिया। लात-घूसों से पिटाई की। उन्होंने 85 सौ नकद, सोने की चेन और चार हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। रात करीब 10:30 बजे तीनों आरोपियों ने उन्हें बाइक में बैठाया और खुर्रमनगर में छोड़ा। जहां मुंह बंद रखने की धमकी दी।

**चाकू दिखा जंगल में रात भर बनाया रखा बंधक:** गुडंबा के कल्याणपुर निवासी सचिन चौहान ने बताया कि सोशल मीडिया पर उनकी दोस्ती आदर्श सिंह से हुई। उसने उन्हें 12 जुलाई 2025 को कुकरैल मिलने बुलाया था। वहां रात में पहुंचने पर आदर्श उसके चार अज्ञात साथियों ने उन्हें पकड़ लिया और घसीटते हुए कुकरैल जंगल ले गए। रात भर बंधक बनाकर पीटा और ऑनलाइन रकम ट्रांसफर करा ली। इसके बाद मोबाइल छीनकर डेटा व कन्टैक्ट लिस्ट कॉपी करके सुबह छह बजे उन्हें छोड़ दिया। वहां से छुटकर पीड़ित ने इंदिरानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

# रंजिश में युवक को जिंदा जलाने का प्रयास

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर के हिंद नगर के सोमेश सिंह पर पुरानी रंजिश में हमला किया गया। उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। इस मामले में सोमेश ने मानसरोवर योजना सेक्टर व एलडीए कॉलोनी निवासी शिवम और उसके एक अन्य साथी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सोमेश के मुताबिक 25 /26 मार्च की रात वह घर में अकेले सो रहा था। रात करीब 3:30 बजे खिड़की का शीशा तोड़कर आधी ईंट उसके सिरहाने फेंकी गई। अचानक हुए हमले से घबराकर जब सोमेश ने उठकर बाहर देखा तो दो युवक हाथ में ईंट लिए खड़े थे। जो उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप है कि इसके बाद हमलावरों ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाकर उसे जिंदा जलाने की धमकी दी। सहमा पीड़ित किसी तरह घर के पीछे वाले कमरे में छिप गया। जहां कुछ देर बाद बेहोश हो गया। सुबह होश आने पर उसने बाहर निकलकर पड़ोस के सीसीटीवी फुटेज देखे, जिसमें आरोपी आते-जाते दिखाई दिए। पीड़ित ने एक आरोपी की पहचान शिवम के रूप में करते हुए घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर पीटा

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचार :** आशियाना क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

बहराइच निवासी युवती के अनुसार, 16 मार्च की शाम वह एयरपोर्ट से मेट्रो द्वारा आईटी चौराहा जा रही थी। इसी दौरान आरोपी चिराग यादव उर्फ सतरुद्ध प्रताप यादव ने उसे व्हाट्सएप कॉल और मैसेज कर लोकेशन पूछी और धमकाते हुए नहरिया चौराहे पर बुलाया। डर के कारण युवती सिंगार नगर मेट्रो स्टेशन पर उतरकर उससे मिलने पहुंची। आरोप है कि आरोपी उसे बाइक से पकरी पुल के पास ले गया, जहां उसने छेड़छाड़ की और जबरन होटल चलने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपी ने युवती के साथ मारपीट की और उसका गला दबाकर नहर में धकेलने की कोशिश की। किसी तरह बचकर युवती पास के एक घर में घुसी और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गया। छत्रपाल सिंह के अनुसार, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## आक्रोश



बड़े इमामबाड़े में सऊदी अरब मदीना में जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर जुमे की नमाज़ के बाद शिया समुदाय द्वारा सऊदी हुकूमत के ख़िलाफ़ विरोध-प्रदर्शन करने के बाद सऊदी किंग के पोस्टर जलाते हुए। ● अमृत विचार

# नहाते हुए बनाया चाची का वीडियो ब्लैकमेल कर वसूले चार लाख

संवाददाता, चौक

- पीड़िता ने ठाकुरगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में महिला का नहाते समय जेठ के लड़के ने वीडियो बना लिया। उसके बाद आरोपी ने चाची को ब्लैकमेल कर करीब चार लाख रुपये वसूल लिए। मांग बढ़ती देख पीड़िता ने ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पीड़िता का आरोप है कि करीब तीन साल पहले जेठ के बेटे ने चोरी-छिपे नहाते हुए उसका वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो दिखाकर रुपये की मांग करने लगा। इंकार पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि बदनामी से बचने के लिए आरोपी ने कई बार में उनसे चार लाख रुपये लिए। इसके बाद भी मांग बंद नहीं हुई। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज कर धमकाया। परेशान होकर पीड़िता मायके चली गयी। आपबीती मायकेवालों को बतायी। उसके बाद हिम्मत जुटाकर मामले की शिकायत ठाकुरगंज थाने में की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# होटल के पास से 12वीं के छात्र का अपहरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस के हरकत में आते ही छात्र को छोड़कर भागे आरोपी
- विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही पुलिस

**अमृत विचार:** विभूतिखंड स्थित मधुरिमा होटल के पास कुछ बदमाशों ने 12वीं के छात्र रुद्र प्रताप सिंह का अपहरण कर लिया। इसके बाद पिता को कॉल कर फिरौती के लिए मिलने को बुलाया। पिता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के हरकत में आते ही आरोपी छात्र को छोड़कर भाग निकले। छात्र के पिता की तहरीर पर विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

रविन्द्रपल्ली स्थित रोहताश एन्क्लेव इलाके निवासी कृष्ण मोहन सिंह के मुताबिक उनका बेटा रुद्र प्रताप सिंह 12वीं का छात्र है। 23 मार्च को उनका बेटा रुद्र प्रताप सिंह इंटर की बोर्ड परीक्षा देकर आरएलबी से स्कूटी से घर जा रहा था। रास्ते में मधुरिमा होटल के पास कुछ लोगों ने रुद्र को रोक लिया। उसे डरा धमका कर स्कूटी लेकर उपने साथ चलने के लिए कहा। रुद्र के विरोध करने पर बदमाशों ने उसके पिता का मोबाइल नंबर लिया। उनसे कहा कि रुद्र उन लोगों के पास से है। कहा कि लोकेशन भेज रहे हैं। कृष्ण के पहुंचने पर ही उसे छोड़ा जाएगा। धमकी देने के बाद बदमाशों ने मोबाइल बंद कर लिया था।

इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया था। पुलिस की सक्रियता को देखकर बदमाशों ने रुद्र को विभूतिखंड स्थिति कमला टावर के पास छोड़ दिया और वहां से भाग गए। पीड़ित बदमाशों की दी लोकेशन पहुंच तो रुद्र उन्हें वहीं मिला। आस-पास मौजूद लोगों ने पीड़ित को बताया कि मौके से भागे बदमाश कई लोगों के साथ ऐसा ही कर चुके है। पीड़ित की तहरीर पर विभूतिखंड पुलिस ने 26 मार्च को इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर अमर सिंह के मुताबिक आरोपियों की तलाश में टीम लगी है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# सिपाही समेत पांच के खाते से उड़ाए 11.15 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शेयर मार्केट में निवेश, क्रेडिट कार्ड कर्मी व एप के माध्यम से गायब की रकम
- हजरतगंज, हुसैनगंज व पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों ने यातायात सिपाही समेत पांच के खातों से करीब 11.15 लाख रुपये उड़ा लिए। साइबर ठगी के यह मामले हजरतगंज, हुसैनगंज व पारा इलाके के हैं। पुलिस सभी मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

हजरतगंज के कसमंडा रीजेंट अपार्टमेंट निवासी जयप्रकाश सिंह ने बताया कि कुछ समय पहले उनके पास एक कॉल आयी। फोन के पीछे मौजूद शख्स ने शेयर मार्केट में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का झांसा दिया। जाल में फंसाने के लिए आरबीके नाम से एक एप से जोड़ लिया। इसके बाद करीब डेढ़ माह के अंदर कई बार में 8.11 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। डीमैट अकाउंट में मुनाफा देख पीड़ित ने विड्राल का प्रयास किया तो उन्हें ब्लॉक कर दिया गया। पीड़ित ने हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

वहीं, मूल रूप से संभल निवासी सिपाही दीपक कुमार यादव लखनऊ ट्रैफिक पुलिस लाइन में तैनात हैं। वे हुसैनगंज कोतवाली में बैरक नंबर-2 में रहते हैं। 10 मार्च को साइबर जालसाज ने एप के माध्यम से उनके खाते से 34 हजार रुपये गायब कर दिए। उधर, पारा के बुद्धेश्वर स्थित नूरनगर निवासी रजत गुप्ता का खाता एक्सिस बैंक में है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले एक कॉल आयी। बताया कि आपके क्रेडिट कार्ड पर एक प्लॉन एक्टिव हो गया है। डी-एक्टिवेट करने की बात कहकर जानकारी ली और खाते से 1,02,478 रुपये निकाल लिए।



इसी थाना क्षेत्र के राजाजीपुरम पारा रोड स्थित श्रीनाथ नगर निवासी अनुराग यादव का खाता यूनियन बैंक आलमबाग शाखा में है। साइबर जालसाज ने उनके खाते से दो बार में 97,999 रुपये पार कर दिए। इसके अलावा मूल रूप से खीरी ईसानगर निवासी राहुल कुमार पारा के नरपतखेड़ा में रहते हैं। उन्होंने पीरामल कैपिटल फाइनेंस से लोन लिया था। खाते में रुपये आते ही जालसाज ने 70 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

# टेंडर दिलाने का झांसा देकर ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शासन के आदेश पर हुई जांच चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** खुद को मुख्यमंत्री का सचिव बताकर जालसाजों ने एक ठेकेदार से कानपुर मेडिकल कॉलेज में टेंडर दिलाने के नाम पर तीन लाख रुपये ठग लिए। टेंडर न मिलने पर रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने ऊंची पहुंच का भय दिखाते हुए धमकाया। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत के बाद शासन स्तर से जांच के निर्देश दिए गए, जिसके आधार पर चिनहट पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मटियारी के शाहपुर निवासी राकेश कुमार यादव के अनुसार, अशोक कुमार मिश्रा और विजेंद्र प्रताप सिंह ने उनसे संपर्क कर भरोसा दिलाया कि उनकी पहुंच मुख्यमंत्री कार्यालय तक है। विजेंद्र ने खुद को मुख्यमंत्री का सचिव बताते हुए तीन लाख रुपये में टेंडर दिलाने का आश्वासन दिया। पीड़ित ने उनकी बातों में आकर नकद और खाते के माध्यम से पूरी रकम दे दी।

करीब तीन माह बीतने के बाद भी टेंडर न मिलने पर जब पीड़ित ने रुपये वापस मांगे, तो आरोपियों का रवैया बदल गया और उन्होंने धमकाना शुरू कर दिया। शिकायत के बाद जांच शुरू हुई तो आरोपियों ने एक लाख रुपये वापस कर दिए।

दिनेश चंद्र मिश्र के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# फर्जीवाड़े में आईडीएफसी बैंक का पूर्व मैनेजर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चार साल से था फरार, घोषित था 25 हजार का इनाम

**अमृत विचार:** जाली दस्तावेज बनाकर कारोबारी के नाम से लोन कराने वाले आईडीएफसी बैंक के पूर्व मैनेजर को हजरतगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 25 हजार रुपये का इनामी आरोपी करीब चार साल से फरार चल रहा था। पुलिस फर्जीवाड़े में पूर्व में दो आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि मूल रूप से बीकेटी निवासी आरोपी विवेक मिश्रा जानकीपुरम के सरैया टोला स्थित मड़ियांव गांव का रहने वाला है। 18 अगस्त 2022 को आईआईएम रोड निवासी अंकुर सिंह ने हजरतगंज कोतवाली में शाहनजफ रोड स्थित आईडीएफसी बैंक के अज्ञात मैनेजर व कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। आरोप था कि खाते से कई बार में 35 हजार निकलने का मैसेज आया। छानबीन की तो पता चला कि आईडीएफसी बैंक द्वारा रुपये निकाले गए हैं।

सितंबर 2021 में शिकायत की तो बताया गया कि आपके नाम पर चार लोन चल रहे हैं। किश्ते भी जमा नहीं है। आरोपियों ने उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर जाली दस्तावेज लगाकर करीब तीन लाख का लोन कराकर ठगी की थी। उपनिरीक्षक मधुकर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की। पुलिस ने पूर्व में फिदा मिर्जा व विकास कुरील को जेल भेजा। जांच में आरोपी विवेक मिश्रा का नाम सामने आया। लगातार फरार रहने के चलते उसपर इनाम घोषित किया गया था। सर्विलांस की मदद से उपनिरीक्षक मधुकर सिंह और इरफान की टीम ने आरोपी को दुबग्गा से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ विकासनगर में भी एक मामला दर्ज है।

# सैन्य अधिकारी से प्लॉट के नाम पर हड़पे 3.45 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्लॉट दिलाने का झांसा देकर एक सैन्य अधिकारी से करीब 3.45 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के आदेश पर विभूतिखंड पुलिस ने कंपनी की पूर्व महिला कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शामली निवासी कपिल कुमार कडियान, जो जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स में तैनात हैं, ने बताया कि उन्होंने विभूतिखंड स्थित एल्पीडा होम्स प्राइवेट लिमिटेड में अपने और पत्नी अंजली के नाम दो प्लॉट बुक कराए थे। बुकिंग से पहले उनकी बातचीत कंपनी की कर्मचारी साधना पटेल से हुई थी। पंजीकरण और विकास शुल्क के नाम पर उनसे 3,45,500 रुपये खाते में जमा कराए गए।

कुछ समय बाद कंपनी से संपर्क करने पर पता चला कि उनके नाम कोई प्लॉट दर्ज ही नहीं है और संबंधित कर्मचारी साधना पटेल नौकरी छोड़ चुकी है।कपिल कुमार ने बताया कि उन्होंने 4 सितंबर 2024 से 8 जुलाई 2025 के बीच कई बार पत्र भेजकर रुपये वापस मांगे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने विभूतिखंड थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

कलेक्शन एजेंट लूटकांड | दुबग्गा रोड तक मिली आखिरी फुटेज

# वारदात से 15 मिनट पहले पहुंच गए थे बदमाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कई संदिग्ध हिरासत में, पीड़ित को दिखायी गयी पुराने बदमाशों की फोटो
- सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस को लुटेरों के भागने का रूट मिला
- बदमाशों की बाइक पर नहीं लगी थी नंबर प्लेट

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार:** खदरा में शराब कारोबारी के कलेक्शन एजेंट हर्ष जायसवाल से 10 लाख रुपये लूटने वाले डकैत रात करीब 11 बजे की घटनास्थल पर पहुंच गए थे। छानबीन के दौरान मदेयगंज पुलिस ने घटनास्थल व उसके आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो बदमाश रेकी करते दिखाई दे रहे हैं। इससे यह साफ है कि बदमाश एजेंट की गतिविधियों पर या तो नजर रख रहे थे या एजेंट का कोई करीबी उसकी लोकेशन बता रहा था। जांच से यह साफ है कि बदमाश पूरी प्लानिंग से आए थे। घटना में प्रयोग की गई बदमाशों की दोनों बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। फिलहाल पुलिस की टीमें बदमाशों का सुराग लगाने में जुटी है।

छानबीन में जुटी पुलिस टीमों को सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस को लुटेरों के भागने का रूट मिला है। लुटेरों की आखिरी फुटेज दुबग्गा रोड पर मिली है। बदमाशों की बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगा था। पुलिस की टीम ने कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया है। शुक्रवार को पीड़ित हर्ष को पुराने बदमाशों की फोटो दिखाई। हर्ष ने हुलिए से पहचान का प्रयास किया। अभी तक कोई खास सफलता पुलिस के हाथ नहीं लगी है।

बताते चलें कि शराब कारोबारी मनीष जायसवाल का खदरा के दीनदयाल नगर में मकान है। काकोरी निवासी कलेक्शन एजेंट हर्ष जायसवाल रोज की तरह बुधवार रात भी 11:20 बजे मॉडल शॉप से दिनभर की बिक्री का कैश लेकर मनीष के घर जा रहा था। दीनदयाल नगर स्थित तरन्नुम मार्केट वाली गली में पहुंचा, वहां पहले से मौजूद पांच बदमाशों ने उसे रोक लिया और असलहा दिखाकर 10 लाख रुपये से भरा पिट्ठू बैग छीन लिया, इस बीच विरोध करने पर बदमाशों ने पीठ में चाकू मारकर हर्ष को घायल भी कर दिया था।

# कौशलपुरी सहकारी आवास समिति के सचिव पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जाली एग्रीमेंट कर पीड़ित को दिए 60 लाख के चेक, बिल्डर को बेच दी जमीन

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार स्थित कौशलपुरी सहकारी आवास समिति के सचिव ने जमीन खरीदने का झांसा देकर जाली एग्रीमेंट कर पीड़ित भाई-बहन को 60 लाख के चेक दिए। भुगतान न होने पर पीड़ित ने पड़ताल की तो पता चला कि आरोपी ने फर्जीवाड़ा कर जमीन एक बिल्डर को बेच दी। विरोध करने पर आरोपी ने आनाकानी की। एसीपी गोमतीनगर बृज नारायण सिंह के आदेश पर गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सआदतगंज के मकबूलगंज निवासी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि मां सुधा और पिता जय किशोर श्रीवास्तव का निधन हो चुका है। माता-पिता ने गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर स्थित कौशलपुरी कॉलोनी स्थित कौशलपुरी सहकारी आवास समिति से वर्ष 1996 में 2400 स्क्वायर फीट जमीन खरीदी थी। माता-पिता की मौत के बाद जमीन पर अंकुर और उसकी बहन अशिता का अधिकार है। अंकुर का कहना है कि 20 सितंबर 2024 को उन्होंने अपनी जमीन समिति को बेचने के लिए सचिव ठाकुर सिंह मनराल से अनुबंध किया था।

जमीन का सौदा 60 लाख में तय हुआ था। सौदे के तहत चार से सात अक्टूबर 2024 तक आरोपी ने उन्हें 60 लाख के चेक दिए थे। लेकिन भुगतान नहीं हुआ। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने सचिव पर रुपये देने का दबाव बनाया तो वह टालमटोल करने लगा। 26 जून 2025 को पीड़ित ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय में छानबीन की तो पता चला कि आरोपी ने जालसाजी कर उनकी जमीन 15 सितंबर 2024 को किसी बिल्डर की फर्म को बेच दी है।

## सिटी ब्रीफ

### संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के महिला प्रकोष्ठ भंग

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक जानकीपुरम विस्तार में आयोजित हुई। व्यापारियों ने गैस, पेट्रोल और डीजल समय से न मिल पाने से व्यापार प्रभावित होने का मुद्दा संगठन के सामने रखा जिस पर कोर कमेटी ने व्यापारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि संगठन अपने स्तर से व्यापारियों की मदद कर रहा है। कमेटी ने कहा कि सरकार को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन विरोधी गतिविधियां को देखते हुए सभी महिला प्रकोष्ठ इकाइयों को भंग कर दिया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे, संरक्षक सूर्यनारायण तिवारी, प्रदेश महासचिव मनोज सिंह, लखनऊ जिला उपाध्यक्ष नितिन सचान आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अभिषेक बने लोहिया वाहिनी के उपाध्यक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रनेता अभिषेक श्रीवास्तव को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घोषित किया है। अभिषेक श्रीवास्तव बस्ती के रहने वाले हैं और उन्होंने इस जिम्मेदारी पर कहा है कि अखिलेश यादव व राजनीतिक गुरु पूजा शुक्ला का आभार प्रगट करता हूं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रिंस कुमार, विपुल यादव, रजत अग्रहरि, डॉ. हमज़ा बिलाल, सुधीर मौर्य, आकाश श्रीवास्तव, जतिन यादव, इकाई प्रवक्ता सतीश गुप्ता, रघुनंदन यादव, गगन ने बधाई दी है।

### फरसा बाबा को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय की अगुवाई में शुक्रवार को सभा आयोजित कर गोरक्षा के लिए समर्पित फरसा बाबा को श्रद्धांजलि दी गई। गोपाल ने कहा कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए। मनीष राय, पंकज अग्रवाल, ओम शंकर गुप्ता, अतुल शर्मा, अनिल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### 8 शव्वाल पर काला दिवस मनाने का ऐलान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में मौलाना यासूब अब्बास ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 8 शव्वाल (28 मार्च-26) को काला दिवस मनाने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि करीब 102 वर्ष पहले जन्नत-उल-बक़ी कब्रिस्तान में हज़रत फातिमा ज़हरा और चार इमामों की कब्रों को सऊदी शासकों की ओर से ध्वस्त किया गया था, जिसके विरोध में हर वर्ष शिया समुदाय यह दिवस मनाता है। मौलाना ने सऊदी सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए इसे गैर-इस्लामी बताया और कहा कि यह प्रदर्शन अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों पर काले झंडे फहराएं, काली पट्टी बांधें और काले कपड़े पहनें। साथ ही शनिवार दोपहर 12 :30 बजे शहीद स्मारक पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया है।

# श्रीराम की शोभायात्रा पर बरसाए फूल और उतारी आरती

## कपूरथला चौराहे से निकली भगवा यात्रा का भक्तों और व्यापारियों ने किया स्वागत, मिठाई-फल भी बांटे गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** श्रीराम नवमी पर शहर के मंदिरों में श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से बनाया गया। जगह-जगह भगवा और रथ यात्राएं निकाली गईं। भक्तों ने तोरण द्वार बनाकर लोगों ने पुष्पवर्षा की। यात्रा मार्ग भगवा रंग में श्री राम नाम के झंडों से पटा रहा। बड़ी संख्या में भक्त भगवा साफा पहनकर, हाथों में ध्वजा लेकर भगवा यात्रा में सम्मिलित हुए।

श्री भगवा यात्रा आयोजन समिति ने कपूरथला चौराहे से भगवा यात्रा निकाली गई। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य इ.अवनीश सिंह, पवन सिंह चौहान, अंगद सिंह, माधवेंद्र सिंह, रजनीश गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, भीम अग्रवाल, अखण्ड आर्यावर्त समिति के अध्यक्ष उत्कर्ष वाजपेयी, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने झंडी दिखा यात्रा को रवाना किया। श्री हनुमान मंदिर कपूरथला चौराहा से अलीगंज, निराला नगर आठ नंबर चौराहा, डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग डालीगंज बाजार, हसन गंज थाना, गौतम बुद्ध पार्क, इमामबाड़ा, कोनेश्वर चौराहा, चौक चरक चौराहा, नक्खास बाजार, यहियागंज, अमीनाबाद थाना, कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर पर संपन्न हुई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ इकाई के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और फल एवं मिष्ठान बांटे अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल, महामंत्री योगेन्द्र सिंह, विधि संयोजक शैलेन्द्र शर्मा, युवा अध्यक्ष संजय जायसवाल, सुमेर अग्रवाल, मंत्री विवेक अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल एवं अमरीश अग्रवाल मौजूद रहे।



कपूरथला चौराहे पर भगवा यात्रा के शुभारंभ के पहले श्रीराम दरबार की आरती करते महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल व अन्य। अमृत विचार

### चौक के कोनेश्वर से सीता और लक्ष्मण संग रथ पर सवार होकर निकले श्रीराम

- चौक सराफा युवा मंडल चौक के तत्वावधान में कोनेश्वर मंदिर चौक से राम मनौती शोभायात्रा निकाली गई। इसमें रथ पर सवार श्रीराम, लक्ष्मण और मां सीता के स्वरूप की झांकी के साथ भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों बजाते भक्त शामिल रहे। यात्रा पं. अमृत लाल नगर चौक चौराहा, कमला नेहरू मार्ग, कनक बिहारी चौक सर्राफा मार्केट फूल वाली गली से प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई श्री कल्ली जी राम मंदिर पहुंची। जगह-जगह स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। विधायक डॉ. नीरज बोरा, महापौर सुषमा खर्कवाल, संयोजक विनोद महेश्वरी ने श्रद्धालुओं के साथ श्रीराम की आरती उतारी। चौक सर्राफा की ओर से मनोज अग्रवाल, अतुल गुप्ता, पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू, ओम प्रकाश दीक्षित, कैलाश चंद जैन, डॉ. राजकुमार वर्मा, सिद्धार्थ जैन, गोविंद शर्मा, आदीश जैन, अजय अग्रवाल, अमृत जैन, रिद्धि गौड़, मनोज मल्होत्रा, पंकज अग्रवाल समेत कई व्यापारी मौजूद रहे। श्री कल्ली जी राम मंदिर में आरती और पूजन के साथ यात्रा का समापन हुआ।



चौक से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रीराम के रथ पर सवार पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू। अमृत विचार

### रामरथ खींचकर कराया नगर भ्रमण

- श्री राम जन्मोत्सव समिति ने इंदिरा नगर क्षेत्र में श्री रामचंद्र की शोभायात्रा निकाली गई। रामभक्तों ने रथ को खींचते हुए भ्रमण कराया। समिति के संरक्षक उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, शशिकांत शर्मा, संजीव गर्ग ने बताया कि शोभायात्रा लेखराज मार्केट, अयोध्या रोड, मारुति पुरम ,भूतनाथ मार्केट, शालीमार चौराहा, मीना मार्केट होते हुए उद्गम स्थल पर संपन्न हुई। देवी-देवताओं की सजीव झांकियां, बैंड और प्रयागराज के भक्त जितेंद्र बजरंगी हनुमान वेश धारण कर राम धुन पर नृत्य करते पूरे मार्ग में शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र बने रहे। विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता, पूर्वी क्षेत्र के विधायक ओपी श्रीवास्तव और पार्षद ने पूजा अर्चना की।



अतिथियों को सम्मानित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे।

### दुबग्गा बाजार में हुई श्रीरामलीला

- **अमृत विचार, काकोरी :** श्री शनिदेव मंदिर सेवा समिति ने दुबग्गा बाजार में एक दिवसीय श्रीरामलीला,कवि सम्मेलन और भंडारा कराया। विनीत शुक्ला बीनू ने बताया कि लड्डू का भोग लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अमित दीक्षित के निर्देशन में 101 कलाकारों ने शाम 7 बजे से रात 12 बजे तक लीला का मंचन किया। शाम 7 :30 बजे भंडारा शुरू हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, पूर्व विधायक अविनाश त्रिवेदी, पार्षद नागेंद्र सिंह चौहान, तारा चंद्र रावत, पूर्व विधायक प्रत्याशी अंजनी श्रीवास्तव, संजय पाठक, प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान, रिजवान अहमद प्रधान, बुद्धेश्वर विकास महासभा अध्यक्ष राजेश शुक्ला, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक श्यामाकांत त्रिपाठी, सपा प्रवक्ता दीपक रंजन श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव नारायण यादव, हरिशंकर सिंह यादव, चौधरी मुल्तान सिंह यादव, सहकारी संघ अध्यक्ष केशरी राव धारा सिंह यादव, पूर्व पार्षद प्रत्याशी कल्पना शुक्ला सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

### उमराव माल की शोभायात्रा में झूमे व्यापारी

- निशातगंज के पास उमराव माल के आशीष अग्रवाल, सुधीर एस हलवासिया की अगुवाई में व्यापारियों का जत्था रामधुनों पर थिरकता हुआ आगे बढ़ता रहा। तमाम चौराहों पर स्वागत किया गया। दोनों प्रतिष्ठित व्यापारियों के नेतृत्व में व्यापारियों की टीम ने भगवा यात्रा का स्वागत किया।

### विश्वनाथ मंदिर में भी मनाया जन्मोत्सव

- रामनवमी पर श्रीरामलीला पार्क सेक्टर-'ए' सीतापुर रोड योजना कॉलोनी में स्थित विश्वनाथ मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इसमें कमलेश दुबे, कौशल किशोर पाण्डेय, सरोज, कांति पांडेय, सुमन शुक्ला, नीलम पाण्डेय, रामकुमारी सोनी, नीरज, शाश्वत पाठक, जगत नारायण दूबे, दीपक पाण्डेय एवं शम्भू शरण वर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### ऋषिता मैनहट्टन में नवरात्र महोत्सव का समापन



नवरात्र महोत्सव के मौके पर उपस्थित महिलाएं।

- **अमृत विचार, लखनऊ :** ऋषिता मैनहट्टन परिसर में नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव का समापन राम नवमी पर हुआ। महिला मंडल के संचालन में महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने पूजा-अर्चना की और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नौ दिनों तक नियमित देवी पूजा, भजन-कीर्तन, आरती और अंतिम दिन सुंदरकांड का पाठ और भंडारा हुआ।

## चैती महोत्सव में श्रीराम जन्म लीला का मंचन



चैती महोत्सव में श्रीराम जन्मोत्सव की लीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

- **अमृत विचार,लखनऊ :** चैती महोत्सव के अंतर्गत ऐशबाग रामलीला मैदान में चल रही श्रीकृष्ण लीला में शुक्रवार को श्रीकृष्ण के पूर्वजन्म श्रीराम के अवतरण की लीला का मंचन किया गया। इसके पहले श्रीकृष्ण लीला में जामवंती और सत्यभामा से विवाह, नरकासुर वध तथा सुदामा मिलन जैसे प्रसंगों का मंचन हुआ। आदि शक्ति नृत्य एकेडमी ने नृत्य किया। मलखान सिंह, मौसमी, वर्षा, सौम्या, रूहानिका, आद्या और अग्रिमा ने प्रस्तुति दी। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की ओर से सोनिया उपाध्याय ने भी प्रस्तुति दी। रामलीला समिति के अध्यक्ष हरीशचन्द अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को श्रीकृष्ण लीला में शिशुपाल वध, द्रौपदी द्वारा दुर्योधन का अपमान, पांडवों का द्यूतक्रीड़ा में जाना और द्रौपदी चीरहरण प्रसंग का मंचन होगा।

### विभूति खण्ड मार्केट में कराया गया भंडारा, अपर जिला जज ने बांटा प्रसाद

- **अमृत विचार, लखनऊ :** श्रीरामनवमी पर विभूति खण्ड मार्केट में पुलिस चौकी के पास दुर्गा मां का भंडारा कराया गया। इसमें अपर जिला जज संदीप तिवारी ने प्रसाद वितरण किया। प्रख्यात साहित्यकार हरिओम शर्मा 'हरि' ने आगंतुकों का चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। संयोजक इंजीनियर मनुज शर्मा ने सहयोग व सेवा भाव के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन समिति के सदस्य राजेन्द्र चौरसिया ने बताया कि यह विशाल भंडारा देर रात तक चला।



श्रीरामनवमी पर आयोजित विशाल भंडार में प्रसाद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

### प्राचीन लेटे हनुमान मंदिर में मनाई गई रामनवमी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** प्राचीन लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के बाल रूप विग्रहों को दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अभिषेक कर भव्य पूजन-अर्चन किया गया। ब्राह्मणों के वेद पाठ के दौरान भगवान का मनोहारी श्रृंगार किया गया और उनके भोग अर्पित किए गए। भजन की मधुर ध्वनि के बीच पंडित अमर मिश्रा ने आरती उतारी। मंदिर ट्रस्ट के सेवादार रिद्धि किशोर गौड़, आशीष अग्रवाल, विकास अग्रवाल और हर्षित सिंह ने उपस्थित लगभग दो दर्जन कन्याओं का पूजन कर उन्हें फल, मिष्ठान और अन्य उपहार प्रदान किए।

## सिटी डायरी



ईपीएफओ कार्यालय पर क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अश्विनी कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपते पेंशनर्स।

### पेंशन में बढ़ोतरी को किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) कार्यालय पर शुक्रवार को ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के नेतृत्व में पेंशनरों ने धरना-प्रदर्शन किया।पेंशनरों का कहना है कि संसद की स्थायी समितियां वर्ष 2013 से अब तक तीन बार न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की सिफारिश कर चुकी हैं, लेकिन सरकार ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने बताया कि देश के करीब 81 लाख पेंशनरों को औसतन मात्र 1171 रुपये मासिक पेंशन मिल रही है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में बेहद अपर्याप्त है। राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर ने कहा कि समिति पिछले आठ वर्षों से न्यूनतम पेंशन 7500 रुपये प्रतिमाह, महंगाई भत्ता और पति-पत्नी के लिए मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग कर रही है। इसी मुद्दे को लेकर 9 से 11 मार्च तक दिल्ली के जंतर-मंतर पर भी प्रदर्शन किया गया था, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला।



लोगो की समस्याओं का समाधान करते ईपीएफओ अधिकारी।

### शिविर में निपटे 71 मामले

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की ओर से शुक्रवार को निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। इसमें पेंशन, दावा निपटान, केवाईसी अद्यतन और पीएफ अन्य संबंधी 78 शिकायतें आईं। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त द्वितीय प्रशासन आशीष कुमार ने बताया कि 71 मामलों का मौके पर समाधान कर दिया गया। कार्यक्रम में 'यूएएन' एक्टिवेशन, ऑनलाइन क्लेम, डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण पत्र) और 'उमंग' ऐप के उपयोग पर प्रशिक्षण और जागरूकता दी गई। साथ ही कर्मचारी नामांकन अभियान-2025 और पीएम-वीबीआरवाई के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया गया।




भारतीय जन नाट्य परिचर्चा में शामिल रंगकर्मी।

### इप्टा ने किया कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) के देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध अमेरिकी नाट्य निर्देशक और अभिनेता विलेम डेफो के संदेश का वाचन किया गया, जिसमें रंगमंच की सामाजिक भूमिका और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया। संदेश वाचन के बाद इप्टा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश वेदा ने अपने नए नाटक 1931 का पाठ प्रस्तुत किया। परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार और लेखक नागेन्द्र, कहानीकार और रंगकर्मी फरजाना मेहदी, पत्रकार, लेखक और अभिनेता राजू पांडे, रिजवान अली के साथ ट्रेड यूनियन नेता परमानंद ने विचार साझा किए।




कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ।

### शपथ दिलाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. शशि शर्मा और अस्पताल प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ. डीके मौर्य ने की। इसमें संस्थान के सभी शिक्षक, चिकित्सक, स्नातकोत्तर एवं स्नातक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

उपचार

न्यूरोलॉजिकल बीमारी से पीड़ित 12 वर्षीय बच्चा चलने में असमर्थ हो गया था, केजीएमयू में मिला नया जीवन

# गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चे को फिर से चलाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के डॉक्टरों ने गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से जूझ रहे 12 वर्षीय बच्चे को उसके पैरों पर खड़ा कर एक नई जिंदगी दी है। बच्चा डिस्टोनिया और सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्त था, जिसके कारण वह अपने शरीर पर नियंत्रण नहीं रख पाता था।

लखनऊ निवासी एक महिला का बेटा इस गंभीर बीमारी से लंबे समय से पीड़ित था। उसकी स्थिति इतनी खराब थी कि वह न तो चल सकता था और न ही अपने पैरों पर खड़ा हो पाता था। दैनिक कार्यों के लिए वह पूरी तरह परिजनों पर निर्भर था। परिजन ने कई न्यूरोलॉजिस्ट से इलाज कराया, लेकिन कोई खास राहत नहीं मिली। दिसंबर माह में परिजन बच्चे को केजीएमयू के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन विभाग लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों की टीम ने उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया। डॉ. आराधना के अनुसार, शुरुआती चरण में गतिरोधी दवाएं दी गईं। इसके साथ ही मनोचिकित्सा विभाग के सहयोग से रिपिटिटिव ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन सत्र कराए गए, जिससे डिस्टोनिया की तीव्रता में कमी आई।

बच्चे की स्थिति में सुधार होने पर फिनोल न्यूरोलिसिस और बोटॉक्स इंजेक्शन जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया। इन उपचारों से मांसपेशियों का नियंत्रण बेहतर हुआ और बच्चे की शारीरिक स्थिति में लगातार सुधार आता गया।

करीब तीन महीने के इलाज और देखभाल के बाद अब बच्चा न केवल अपने पैरों पर खड़ा हो पा रहा है, बल्कि धीरे-धीरे चलने भी लगा है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे को आगे की प्रगति के लिए मई में दोबारा भर्ती कर उपचार जारी रखा जाएगा।

### क्या है डिस्टोनिया और सेरेब्रल पाल्सी

- डिस्टोनिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें मांसपेशियां अनियंत्रित रूप से सिकुड़ती हैं, जिससे शरीर के अंग टेढ़े-मेढ़े हो सकते हैं। वहीं सेरेब्रल पाल्सी दिमाग को जन्म के समय या बाद में हुए नुकसान के कारण होती है, जिससे चलने-फिरने, संतुलन और शरीर के नियंत्रण में कठिनाई होती है।

## सिटी ब्रीफ

### एनएसएस विधि संकाय के छात्रों ने की स्वास्थ्य जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के अंतर्गत रसूलपुर कायस्थ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शशि प्रभा जोशी एवं डॉ. चंद्र शेखर राय के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य शिविर की जानकारी दी और अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य शिविर में रीजेंसी हॉस्पिटल के डॉक्टरों की टीम ने भाग लिया। शिविर में कुल 38 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। अंत में सभी प्रतिभागियों एवं स्वयंसेवकों ने समूह फोटो खिंचवाकर इस आयोजन को स्मरणीय बनाया।

### भाषा विवि में इनोवेशन हैकथॉन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में इनोवेशन हैकथॉन का आयोजन आज से शुरू हो रहा है। इस कार्यक्रम के तहत नवाचार आधारित गतिविधियों के माध्यम से युवाओं, स्टार्ट-अप्स और लघु व मध्यम उद्योगों को डिजिटल परिवर्तन और उभरती तकनीकों से सशक्त बनाने पर जोर दिया जाएगा। अवध इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा 'आइडिया टू इंपैक्ट 2026' इनोवेशन हैकथॉन आयोजित किया जा रहा है। इनोवेशन हैकथॉन एक प्रतिस्पर्धात्मक मंच है, जिसमें प्रतिभागी अपने नवाचार आधारित प्रोटोटाइप और समाधान प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, इंडस्ट्री 4.0, ग्रीन एंटरप्राइजेज, फिनटेक सॉल्यूशंस और स्किल डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देना है। साथ ही, यह कार्यक्रम स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को मजबूत करने और युवाओं को नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सामूहिक नकल पर ब्लैक लिस्ट होंगे महाविद्यालय

## लविवि में परीक्षा समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण फैसले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- नकल सामग्री पाए जाने पर अलग-अलग दंड का किया गया प्रावधान

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित परीक्षा समिति की बैठक में नकल रोकने और परीक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विश्वविद्यालय अब नकल संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए विशेषज्ञ समिति और छात्रों के लिए अपीलीय समिति का गठन करेगा। साथ ही सभी सेमेस्टर के परीक्षा फार्म जल्द खोले जाएंगे और "परीक्षा केंद्र" व "परीक्षार्थी" की स्पष्ट परिभाषा तय की गई है, जिसमें संबद्ध महाविद्यालयों के साथ एक्स-स्टूडेंट, बैक पेपर, इम्प्रूवमेंट और एक्जेम्प्टेड छात्र भी शामिल होंगे।

नए नियमों के तहत मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, वायरलेस उपकरण सहित किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग नकल की श्रेणी में माना जाएगा। परीक्षा केंद्रों पर बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और बिना अनुमति किसी भी कर्मचारी को परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति नहीं होगी। किसी परीक्षार्थी की अनुचित सहायता करने पर संबंधित कर्मचारी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

दंड व्यवस्था को भी कड़ा किया गया है। विषय से संबंधित सामग्री मिलने पर प्रश्नपत्र निरस्त होगा, जबकि नकल का उपयोग करने पर पूरे सेमेस्टर की परीक्षा रद्द कर दी जाएगी। गंभीर मामलों में निष्कासन और एफआईआर तक दर्ज होगी।

सामूहिक नकल की स्थिति में संबंधित परीक्षा केंद्र की परीक्षा निरस्त कर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा, जिससे वह भविष्य में परीक्षा केंद्र नहीं बन सकेगा।

### सौमित्र सिंह के तूफानी शतक से आरबीआई लखनऊ फाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** सलामी बल्लेबाज व कप्तान सौमित्र सिंह की शानदार शतकीय पारी के दम पर आरबीआई लखनऊ ने 34वें आरसी सनवाल मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में इंडियन बैंक को 51 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब फाइनल मुकाबला 11 अप्रैल को खेला जाएगा। एलडीए स्टेडियम में खेले गए मैच में आरबीआई लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 188 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। कप्तान सौमित्र सिंह ने 74 गेंदों में 12 चौके और आठ छक्कों की मदद से 139 रन की विस्फोटक पारी खेली और टीम की जीत की नींव रखी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडियन बैंक की टीम 137 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से शुभम वर्मा ने सर्वाधिक 20 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज प्रभाव नहीं छोड़ सके।

# चयन वेतनमान पर बढ़ी तकरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षकों के लिए चयन वेतनमान पाना टेढ़ी खीर बन गया है। पिछले छह माह से लगातार प्रयास के बावजूद उन्हें इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। अब इस मुद्दे को लेकर शिक्षक आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। उल्लेखनीय है कि 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर चयन वेतनमान दिया जाता है। सितंबर-अक्टूबर में कई शिक्षकों ने अपनी 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर ली थी, लेकिन अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिला है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में चयन वेतनमान की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है और वहां एरियर भुगतान भी शुरू हो गया है, जबकि लखनऊ में मामला अटका हुआ है। शिक्षकों का आरोप है कि वित्त व लेखाधिकारी स्तर पर लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी हुई है।

शिक्षकों के अनुसार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश स्वीकृत होने के बाद भी वित्त व लेखाधिकारी स्तर पर फाइलों पर काम नहीं हो रहा है। पिछले तीन माह से फाइलें लंबित पड़ी हैं और बार-बार आपत्तियां लगाकर प्रक्रिया को टाला जा रहा है। कई फाइलों की आपत्तियों का निस्तारण होने के बाद भी लाभ नहीं दिया जा रहा, जिससे शिक्षकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

लखनऊ में अटका 550 शिक्षकों का चयन वेतन

लखनऊ जिले में करीब 550 शिक्षकों का चयन वेतनमान लंबित है। इससे नाराज शिक्षक संगठनों ने आंदोलन की चेतावनी दी है और सिटीजन चार्टर लागू करने की मांग उठाई है। वित्त व लेखाधिकारी की कार्यशैली को लेकर जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ और प्राथमिक शिक्षक संघ ने कड़ा रुख अपनाते हुए जल्द समाधान न होने पर आंदोलन शुरू करने की बात कही है।

### काली पट्टी बांधकर प्राथमिक शिक्षक करेंगे शिक्षण कार्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राथमिक शिक्षक न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के विरोध में काला दिवस मनाएंगे। इसके तहत एक अप्रैल को सभी विद्यालयों में शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे और पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आंदोलन की शुरुआत करेंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2005 में लागू एनपीएस के विरोध में शिक्षक व कर्मचारी लंबे समय से आंदोलनरत हैं। अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में डॉ. रामाशीष स्मृति भवन, पारा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक अप्रैल को काला दिवस मनाने की रणनीति तय की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनपीएस शिक्षक और कर्मचारियों के साथ अन्याय है। यह पेंशन नहीं, बल्कि बाजार आधारित व्यवस्था है, जिससे सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि एनपीएस के तहत सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को बेहद कम पेंशन मिल रही है, जिससे वर्तमान महंगाई में जीवन यापन कठिन हो गया है। बैठक में प्रदेश महामंत्री नीरजपति त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष विक्रमादित्य मौर्य सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीएएल यूनिकॉर्न्स और किंग्स ने हासिल किए पूरे अंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट (एपी स्पोर्ट्स ट्रॉफी) में शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिसमें सीएएल किंग्स और सीएएल यूनिकॉर्न्स ने जीत दर्ज कर पूरे अंक हासिल किए। एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में सीएएल किंग्स ने सीएएल फाइटर्स को रोमांचक अंदाज में एक विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइटर्स की टीम 24.4 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। रुद्र यादव ने सर्वाधिक 34 रन बनाए, जबकि किंग्स की ओर से कुशाग्र ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग्स की टीम ने नौ विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अनुराग द्विवेदी ने नाबाद 43 रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। फाइटर्स के लिए शुभम जायसवाल ने चार विकेट लेकर संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। दूसरे मैच में यश साहनी क्रिकेट मैदान पर सीएएल यूनिकॉर्न्स ने सीएएल वॉल्टस को 12 रन से हराया। यूनिकॉर्न्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में नौ विकेट पर 181 रन बनाए, जिसमें अथर्व पाण्डये (36) और प्रांजल दीक्षित (23) ने अहम योगदान दिया।

जवाब में वॉल्टस की टीम आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। आयुष चौधरी ने 65 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा पाए। यूनिकॉर्न्स की ओर से अथर्व बाजपेई ने चार और सारांश ने दो विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन से टूर्नामेंट और अधिक रोमांचक हो गया है।

# सीएसआईआर-सीमैप ने मनाया अपना 67वां स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



स्थापना दिवस के अवसर पर सीएसआईआर-सीमैप के वैज्ञानिक। अमृत विचार

- एमओयू के माध्यम से आयुष अनुसंधान व एमएसएमई सहयोग को मिला बल

**अमृत विचार :** सीएसआईआर-सीमैप ने शुक्रवार को अपना 67वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने भाग लेते हुए संस्थान की अब तक की उपलब्धियों और औषधीय व सगंध पौधों के क्षेत्र में इसके योगदान पर चर्चा की। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय कुमार ने कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी, निदेशक भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान मोहाली, ने "जिज्ञासा, आविष्कार और नवाचार के जरिए मानव सभ्यता की विकास यात्रा" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान के प्रयासों से किसानों की आजीविका में सुधार हुआ है और इसे राष्ट्रीय पहचान मिली है। विशिष्ट अतिथि डॉ. ज्योति यादव ने वैज्ञानिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला। निदेशक डॉ. ज़बीर अहमद ने एरोमा मिशन सहित विभिन्न अभियानों में संस्थान के योगदान को रेखांकित किया।

केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के साथ हुए समझौते के तहत होम्योपैथिक औषधियों की स्थिरता व शेल्फ-लाइफ का अध्ययन किया जाएगा।

टीबीआईसी प्लेटफॉर्म के अंतर्गत विमला एंड कंपनी व सीएसआईआर-सीमैप के बीच "क्लीन जर्म" हर्बल फ्लोर क्लीनर के व्यावसायीकरण के लिए समझौता किया गया, जो पर्यावरण-अनुकूल समाधानों को बढ़ावा देगा।

# मंडल के सभी कार्यालयों को पेपरलेस करेगा यूपी बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के मंडल के सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू की जा रही है, जिसके तहत विभागीय कार्यों को ऑनलाइन किया जाएगा। इसका उद्देश्य शासकीय कार्यों में पेपरलेस प्रणाली को बढ़ावा देना है। मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने सभी छह जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से समस्त पत्राचार करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्य की नोडल संस्था यूपीएलसी द्वारा एक वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पहले से संचालित किए जा रहे हैं।

मंडल के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि ई-ऑफिस में कार्य करने वाले कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए फरवरी 2025 से ही कार्यक्रम चलाया जा रहा है। प्रशिक्षण से संबंधित वीडियो भी पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए हैं, जिन्हें कर्मचारी ऑनलाइन देख सकते हैं। प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रत्येक जिले और मंडल कार्यालय में ई-ऑफिस के माध्यम से होने वाले पत्राचार की साप्ताहिक समीक्षा भी की जा रही है। इसके तहत ड्राइवर और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोड़कर सभी कार्मिकों को ई-ऑफिस कार्यप्रणाली को अपने कार्यसंस्कृति में शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं।



प्रबंधन विकास कार्यक्रम में हिस्सा लेते विभिन्न स्थानों से आए अधिकारी। अमृत विचार

# डाक विभाग को पेशेवर बनाने के लिए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लविवि में प्रबंधन विकास कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में दो दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम (एमडीपी) का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सर्किल के मुख्य डाक महानिदेशक कार्यालय के अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया है। विश्वविद्यालय की कंसल्टेंसी निदेशक डॉ. रितु नारंग ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य डाक विभाग के सिस्टम मैनेजर्स और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव्स की पेशेवर दक्षता, तकनीकी विशेषज्ञता और विपणन क्षमता को सुदृढ़ करना है। उन्होंने जानकारी दी कि पहले दिन प्रदेश के विभिन्न जिलों लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, आगरा, मेरठ, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी, बलिया और सहारनपुर से आए कुल 83 अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण को सिस्टम मैनेजर्स और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव्स के लिए अलग-अलग सत्रों में आयोजित किया गया, जिन्हें प्रबंधन एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा संचालित किया गया।

पहले दिन के सत्रों में डाक अधिकारियों के समक्ष आने वाली तकनीकी और प्रबंधकीय चुनौतियों पर विशेष ध्यान दिया गया। सिस्टम मैनेजर्स के लिए आयोजित सत्रों में डॉ. प्रिया द्वारा तनाव प्रबंधन, संजय मेधावी द्वारा मानव और मशीन के बीच समन्वय, पुनीत मिश्रा द्वारा हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, नेटवर्क समस्याओं के समाधान, साइबर स्वच्छता और डेटा सुरक्षा पर प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव्स के लिए डॉ. निशांत कुमार ने पीओएसबी, पीएलआई, पार्सल और स्पीड पोस्ट सेवाओं के लिए बाजार अनुसंधान और व्यवसाय विकास रणनीतियों पर प्रकाश डाला। डॉ. अजय प्रकाश ने सामाजिक विपणन अभियान की योजना, जबकि डॉ. हिमांशु मोहन ने विपणन टीमों में नेतृत्व कौशल पर सत्र आयोजित किया।

# बीबीएयू में जैव प्रौद्योगिकी पर आयोजित हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



संगोष्ठी में कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल को शॉल ओढ़ाकर स्वागत करते शिक्षक।

**अमृत विचार :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 'जैव प्रौद्योगिकी में प्रगति, चुनौतियां और कॅरियर के मार्ग अनुसंधान, नवाचार और उद्योग के बीच सेतु निर्माण' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आरंभ हुआ। यह आयोजन विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं ट्रस्ट फॉर एजुकेशन एंड ट्रेनिंग इन साइटोमैट्री के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल ने जैव प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और उद्योग के बीच मजबूत समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया और युवा वैज्ञानिकों को नवाचार व बहुविषयी शोध के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि प्रो. अमित अवस्थी ने जैव प्रौद्योगिकी में करियर की संभावनाओं और शोध की चुनौतियों पर विचार साझा करते हुए अकादमिक-उद्योग सहयोग को भविष्य के लिए आवश्यक बताया। विशिष्ट अतिथि प्रो. सरोज चूणामणि गोपाल ने जैव प्रौद्योगिकी के सामाजिक और चिकित्सीय योगदान को रेखांकित किया, वहीं प्रो. शुभिनि ए. सराफ ने नवीन रुझानों और कौशल विकास के महत्व पर जोर दिया। डॉ. रेखा गौड़ ने साइटोमैट्री के क्षेत्र में प्रशिक्षण और जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी। संगोष्ठी के अंतर्गत 'जैव प्रौद्योगिकी में हालिया प्रगति' तथा 'ट्रांसलेशनल जैव प्रौद्योगिकी एवं उद्योग इंटरफेस' विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। साथ ही प्रतिभागियों के लिए ओरल एवं पोस्टर प्रस्तुतियों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए शोधार्थियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही।

## सिटी डायरी



केडी सिंह बाबू स्टेडियम में ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी।

### फाइनल मुकाबलों में यूपी के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

**अमृत विचार, लखनऊ :** आइटा टैलेंट सीरीज अंडर-12 टूर्नामेंट के तहत आयोजित अंडर-12 बालक और बालिका वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 23 मार्च से 27 मार्च तक किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। फाइनल मुकाबले में अस्विक श्रीवास्तव (यूपी) ने कड़े मुकाबले में रुद्र चौरसिया (यूपी) को 7-6(4), 6-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में अन्या (यूपी) ने हिया चौहान (यूपी) को 4-6, 6-1, 6-2 से हराकर जीत दर्ज की। बालक युगल वर्ग में रुद्र चौरसिया और शिवांश (यूपी) की जोड़ी ने अर्नव श्रीवास्तव और मोहम्मद हमदान की जोड़ी को 7-5, 7-5 से पराजित कर खिताब पर जहां कब्जा जमाया।



सम्मानित होने वाले सीएमएस छात्र प्रसन्न मुद्रा में।

### आध्यात्मिक शिक्षा से बच्चों में बुद्धिमत्ता व ज्ञान का विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड द्वारा 'डिवाइन एजूकेशन कॉन्फ्रेंस' का आयोजन सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन डा. अखिलेश कुमार मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष भर में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं और वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर डा. मिश्रा ने कहा कि बच्चों में प्रारंभ से ही नैतिक और आध्यात्मिक गुणों का विकास आवश्यक है। वहीं प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि उद्देश्यपूर्ण शिक्षा समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



बैठक में उपस्थित संयुक्त शिक्षक महासंघ के पदाधिकारी।

### टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों का आंदोलन तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की बैठक डिप्लोमा इंजीनियर्स कार्यालय, राजभवन गेट नंबर-1 के सामने आयोजित हुई। इसमें विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने 'शिक्षा की पाती अभियान' की सफलता पर संतोष जताया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 से पहले कार्यरत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता लागू करना अन्याय है। 13 अप्रैल को मशाल जुलूस निकालने की रणनीति बनाई गई। प्रदेश सहसंयोजक विक्रमादित्य मौर्य ने चेताया कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन और तेज होगा।



वार्षिकोत्सव में दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि।

### बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रीकृष्णा प्रीस्कूल एंड डे केयर विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं ग्रेजुएशन समारोह अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में मनाया गया। जिसमें बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध वैज्ञानिक पंकज प्रसून, विद्यालय की प्रधानाचार्या शेफाली पाडें, राकेश श्रीवास्तव एवं अतिथियों ने दीप प्रज्वलन करके किया। मुख्य अतिथि ने स्कूल की प्रशंसा करते हुए बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को प्रेरित किया।

### विदेशी खिलाड़ियों की मौजूदगी से सजेगा फ्रेंड्स कप टेनिस टूर्नामेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** विजयंत खंड स्टेडियम स्थित टेनिस कोर्ट में शनिवार से फ्रेंड्स कप आईटीएफ एमटी-100 टेनिस टूर्नामेंट का आगाज होगा। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश के कुल 180 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें 18 महिला खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट निदेशक व फ्रेंड्स क्लब एसोसिएशन के अध्यक्ष पुष्कर मिश्रा ने बताया कि फ्रेंड्स कप का उद्देश्य टेनिस को केवल प्रतिस्पर्धा तक सीमित न रखकर इसे स्वास्थ्य, मित्रता और सक्रिय जीवनशैली से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में चार विदेशी खिलाड़ी भी भाग लेंगे, जिनमें दो जर्मनी, एक चीन और एक संयुक्त राज्य अमेरिका से हैं।

## खेल-खिलाड़ी

प्रथम राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट

# सिद्धी की घातक गेंदबाजी से कानपुर बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



विजेता खिलाड़ियों के साथ मौजूद उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रथम राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में कानपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सहारनपुर को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। सेज ग्राउंड पर क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की देखरेख में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में सिद्धी मिश्रा की बेहतरीन गेंदबाजी जीत की सबसे बड़ी वजह बनी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सहारनपुर की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में सात विकेट खोकर 124 रन बनाए। टीम की ओर से दिशा शर्मा और भूमि सिंह ने 30-30 रन का योगदान दिया। वहीं कानपुर की ओर से सिद्धी मिश्रा ने घातक गेंदबाजी करते हुए पांच ओवर में मात्र 14 रन देकर चार विकेट झटके और विपक्षी टीम को बड़ा झटका दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की टीम ने 22.5 ओवर में चार विकेट खोकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से बबिता यादव ने 32 और शिबू सिंह पाल ने 33 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए सिद्धी मिश्रा को प्लेयर ऑफ द मैच और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया, जबकि श्वेता वर्मा को बेस्ट फील्डर चुना गया। सहारनपुर की शिखा सहलोत को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला।

फाइनल के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में केशव प्रसाद मौर्य ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि महिला क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ रहा है और इस तरह के आयोजन प्रतिभाओं को निखारने का मंच प्रदान करते हैं।